केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

गुरुवार

28 दिसंबर 2023

आपकी आवाज

शिक्षित व्यक्ति ही सही ढंग से राष्ट्र का निर्माण करता है: राज्यपाल 2

खबरें फटाफट

कैमूर में सेक्स रैकेट का खुलासा, 3 महिला व 3 पुरुष पकड़ाए

भभुआ। बिहार के कैमूर जिले में सेक्स रैकेट के भंड़ाफोड़ होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार भभुआ शहर के अखलासपुर में बस स्टैंड के पास स्थित सत्यम साई लॉज में देह व्यापार की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी थी। इसके बाद भभुआ डीएसपी शिव शंकर कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर तीन लड़के और तीन लड़कियों को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने लॉज के संचालक सहित 7 लोगों को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही साथ ही लॉज में रुकने वाले लोगों की एंट्री और उनके होटल में रुकने के उद्देश्य सहित कई बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। बताया जाता है कि, इसके पहले भी देह व्यापार को लेकर सत्यम लॉज में पुलिस छापेमारी की कार्रवाई कर चुकी है।

पटना में छात्रा के कपड़े उतारे, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

पटना। पटना के मनेर में स्कूल में क्लास रूम में हुए झगड़े के बाद एक छात्रा के साथ मारपीट हुई है। उसके साथ पढ़ने वाली सहेलियों ने ही उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा है। छात्रा मंगलवार को लोदीपुर बाजार से प्रैक्टिकल कॉपी लेने निकली थी। तभी उसकी दो सहेलियों ने उसे घेर लिया और पीटना शुरू कर दिया। अपने घर ले जाने लगीं। उसने मना किया तो उसके कपड़े उतार दिए। जींस खोल दी। घर में ले जाकर अपने परिवार के सामने भी मारपीट की। बताया जा रहा है कि सभी लड़कियां 10वीं क्लास में पढ़ती हैं। सहेलियों के घर से भागकर छात्रा ने परिवार को पूरी कहानी बताई। छात्रा की मां ने सहेलियों के खिलाफ मनेर थाने में लिखित आवेदन दिया है।

पत्नी के साथ नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे आनंद मोहन

पटना। बिहार के बाहुबली पूर्व सांसद आनंद मोहन ने बुधवार को पटना स्थित सीएम आवास पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उनकी पत्नी लवली आनंद भी मौजूद रहीं। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आनंद मोहन ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया। जेडीयू में जाने और चुनाव लड़ने के सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। जेडीयू में बदलते माहौल के बीच सीएम नीतीश और आनंद मोहन की इस मीटिंग के सियासी गलियारों में कई मायने निकाले जा रहे हैं।

जमुई के गिद्धौर का मामला, थानाध्यक्ष समेत 5 पुलिसकर्मी घायल, पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त

कैदी की मौत, पुलिस टीम पर हमला

- कैदी की मौत से गुस्साए लोगों ने गिद्धौर बाजार गिद्धौर झाझा मुख्य मार्ग को किया जाम
- जाम की सूचना मिलने पर लोगों को समझाने गई गिद्धौर थाना पुलिस टीम पर आक्रोशित लोगों ने की पत्थरबाजी
- पुलिस ने पांच राउंड फायरिंग की

केटी न्यूज/पटना

बिहार के जमुई मंडल कारा में बंद कैदी की मौत के बाद बुधवार को गुस्साए लोगों ने गिद्धौर बाजार गिद्धौर झाझा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं, जाम की सूचना मिलने पर लोगों को समझाने गई गिद्धौर थाना पुलिस टीम पर आक्रोशित लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। लोग इतने आक्रोशित थे कि पुलिस जीप पर चढ़ गए और लाठी से गाड़ी को तोड़ने लगे। अफरा-तफरी का माहौल था। पुलिस को लाठीचार्ज कर भीड़ को हटाना पड़ा। घायल पुलसकर्मियों में गिद्धौर थाना अध्यक्ष बृज भूषण सिंह, एसआई आयूषी, एसआई नीरज कुमार, सिपाही हर्ष कुमार और महिला सिपाही नीलू कुमारी शामिल हैं। वहीं, घटना के बाद आक्रोशित लोगों पर नियंत्रण पाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंचा। उसने हंगामा कर रहे लोगों को खदेड़कर हटाया। इस दौरान पुलिस ने असामाजिक तत्वों को खदेड़ने के लिए हवा में पांच राउंड गोलियां भी फायरिंग की। गोलीबारी के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के मुताबिक, गिद्धौर प्रखंड के संसारपुर गांव निवासी प्रदीप यादव ने मारपीट के मामले में 10 दिन पहले जमुई कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। उसे मंडल कारा में रखा गया था। जहां कुछ अन्य कैदियों द्वारा उससे मारपीट की गई थी। इसके बाद उसे सोमवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई थी। इधर, जाम स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आक्रोशित लोगों को नियंत्रित करने के लिए गिद्धौर के अलावा बरहट और झाझा समेत आसपास के अन्य थानों की पुलिस को बुलाया गया है। हालांकि अब स्थिति शांत है। ग्रामीण शव लेकर चले गए। पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए छापेमारी कर रही।

आपराधिक तत्वों की पहचान का हो रहा प्रयास: एसडीपीओ

कैदी गिद्धौर थाना क्षेत्र के संसारपुर गांव के प्रदीप यादव (32) है। एससी-एसटी मामले में वो गिरफ्तार हुआ था। 14 दिसंबर को उसने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। जमुई जेल में बंद कैदी की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। सोमवार देर रात सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। वहीं एसडीपीओ सतीष कुमार ने कहा कि सूचना मिली थी 100-150 ग्रामीणों ने एनएच जाम किया है। थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रदीप ने 14 दिसंबर को कोर्ट में सरेंडर किया था। तबीयत बिगड़ने पर मंडल कारा ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा। इस दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। इसी को लेकर हंगामा किया जा रहा था। ग्रामीणों ने पुलिस बल पर पथराव किया। भीड़ ने पुलिस पर फायरिंग भी की। संसारपुर में छापेमारी की जा रही है। जो भी आपराधिक तत्व हैं उनकी पहचान की जा रही है।

पटना में पुलिस की टीम पर हमला, एसआई की वर्दी फाड़ी तीन गृहरक्षक बल जख्मी

पटना में पुलिस की टीम पर हमला हुआ है। हमले में मनेर थाने के रकरंजीत कुमार यादव का वर्दी फाड़ दिया। वहीं तीन गृहरक्षक बल जख्मी हुए हैं। पथराव कर पुलिस जीप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरा मामला मनेर थाना क्षेत्र के खासपुर का है। बता दें कि तीन दिन पहले एक महादलित परिवार से पूर्व मुखिया के पति जय कुमार निराला के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद होने के बाद मामले को दोनों पक्षों ने आपस में सुलझा लिया था। मंगलवार को देर शाम फिर से दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 के साथ ही मनेर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मनेर थाने के एसआई रंजीत कुमार यादव दलबल के साथ पहुंचे। पुलिस की माने तो उनकी मौजूदगी में ही पूर्व मुखिया के पति और उसके समर्थकों ने दूसरे पक्ष के रामानंद चौधरी के घर पर हमला बोल दिया। वहां मौजूद पुलिस जब बीच बचाव करने के लिए उतरी तो हमला कर दिया। वहीं पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए पूर्व मुखिया के पति जय कुमार निराला, सीबू यादव, हरेंद्र कुमार, निशांत कुमार के साथ ही सुमेरु यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले में एएसपी अभिनव धीमान ने बताया कि पूर्व मुखिया पति जय कुमार निराला और उसके समर्थकों द्वारा पुलिस बल पर हमला किया गया। है। इसमें एसआई रंजीत कुमार और तीन गृहरक्षक बल जख्मी हुए हैं।

दीघा से सोनपुर के बीच गंगा नदी पर बनेगा छह लेन ब्रिज

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

एजेंसी/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को बड़ा फैसला लिया। सरकार ने नारियल के लिए एमएसपी तय कर दी है। वहीं बिहार में दीघा और सोनपुर जिले के बीच गंगा नदी पर छह लेन ब्रिज बनाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि वर्ष 2024 के लिए एमएमसी तय कर दी गई है। किसानों के आर्थिक हितों को ध्यान में रखा गया है। नारियल के दाम दुनियाभर में कम हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे खुशी है कि 2023 की तुलना में मिलिंग कोपरा की निर्धारित एमएसपी 300 रुपये प्रति क्विंटल और बाल कोपरा 250 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि बिहार में दीघा से सोनपुर जिले के बीच गंगा नदी पर 6 लेन केबल ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया है। इसे 42 महीने में पूरा किया जाएगा। इसे बनाने में 3064 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस पुल के नीचे से बड़े जहाज से आसानी से आ जा सकेंगे।

पुल बनने से पटना से सीधे जुड़ेंगे कई हिस्से: केंद्र सरकार के मुताबिक यह पुल पटना से एनएच-139 के माध्यम से औरंगाबाद और सोनपुर (एनएच-31), छपरा, मोतिहारी (पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर पुराना एनएच-27), बेतिया (एनएच-727) के माध्यम से उत्तरी हिस्से में स्वर्णिम चतुर्भुज गलियारे तक सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क और परिवहन मंत्रालय से जुडे निर्णय लिए गए हैं, जो त्रिपुरा और असम के लिए महत्वपूर्ण हैं। खोवाई से हरिना तक सड़क बनाने को मंजूरी दी गई है। ठाकुर ने कहा, इसमें 20,487 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस काम को 25 महीने में पूरा किया जाएगा। प्रोजेक्ट के पूरा होने पर असम और त्रिपुरा के बीच परिवहन सुगम हो जाएगा।

बिहार के लोगों को मिलेगी नई ट्रेन अमृत भारत एक्स. की सौगात

एजेंसी/नई दिल्ली

वंदेभारत एक्सप्रेस के बाद अब बिहार के लोगों को नई ट्रेन अमृत भारत एक्सप्रेस की सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दिल्ली और दरभंगा के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा सकते हैं। नई ट्रेन उत्तर प्रदेश के अयोध्या को बिहार के सीतामढ़ी को जोड़ेगी। दोनों स्थान अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, रेलवे बोर्ड की ओर से इस आशय की आधिकारिक अधिसूचना अभी जारी नहीं की गई है।

गोरखपुर-मुजफ्फरपुर के रास्ते दिल्ली से दरभंगा तक ये ट्रेन चलेगी। हालांकि, रेलवे नई ट्रेन के रूट, स्टॉपेज और किराए पर काम कर रहा है। अमृत भारत एक्सप्रेस एक गैर-एसी स्लीपर-अनारक्षित श्रेणी की सेवा है। इसे कम लागत और लंबी दूरी की सर्विस के लिए डिजाइन किया गया है। यह नारंगी और ग्रे रंगों में नजर आएगी। इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे। इनमें अनरिजर्व्ड यात्रियों के लिए आठ कोच सामान्य सेकंड क्लास के होंगे।

पीएम के आगमन पर त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सुसज्जित होगी धर्मनगरी अयोध्या

- विदेशी फूलों से लेकर अशोक पत्ती, गेंदे के फूलों की खुशबू से महकेगी अयोध्या
- अयोध्या व आसपास के साथ मथुरा, सीतापुर, पश्चिम बंगाल के कारीगर तैयारी में जुटे

केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या

प्रधानमंत्री के आगमन पर त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप रामनगरी सुसज्जित होने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पीएम के अभूतपूर्व स्वागत की तैयारी की जा रही है। देशी-विदेशी फूलों और तोरणद्वार के जरिए अयोध्या को दुल्हन की तरह तैयार किया जा रहा है। वहीं पुष्पवर्षा के जरिए पीएम के अभिनंदन की भी तैयारी की जा रही है। इस काम में अयोध्या व आसपास के जनपदों के साथ ही पश्चिम बंगाल, मथुरा व सीतापुर के 700-800 कारीगर जुटे हैं। यहां कोलकाता, कानपुर, दिल्ली, बेंगलुरु आदि स्थानों से फूल मंगाए जा रहे हैं।

राममय अयोध्या में बनेंगे भव्य तोरणद्वार

देशी-विदेशी फूलों से महक उठेगी अयोध्या: अयोध्या के रहने वाले बालकृष्ण सैनी अपनी टीम के साथ काम में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि पीएम के स्वागत में देशी-विदेशी फूलों से अयोध्या महक उठेगी। लगभग 20 डीसीएम से अधिक फूल (अनुमानित 1,44,000 कुंतल) लगाए जाएंगे। इनमें कोलकाता से गेंदा की लड़ी, कानपुर व दिल्ली से अशोक की पत्ती, दिल्ली से कर फ्लावर व बेंगलुरु से विदेशी फूल आएंगे। इनमें आर्केड, इनथेरियम, कोनिया, कार्नेसन, टाटा रोज, स्टार, डेली, जरबेरा के साथ ही विक्टोरिया, सन ऑफ इंडिया, पैराग्रास, मनोकोमली, चाइना पत्ती, घोड़ापाम, एरिका पान आदि से सजावट की जाएगी। वहीं गेंदा, गुलाब, रजनीगंधा, कनेर, डहलिया आदि फूल से भी रास्तों को सजाया जाएगा। एयरपोर्ट बाईपास से फोरलेन धर्मपथ, साकेत पेट्रोल पंप हनुमानगढ़ी के रास्ते लगभग 9 किमी. से अधिक दूरी तय करने में दो दर्जन से अधिक तोरणद्वार बनाए जाएंगे। यहां रेलिंग डिवाइडर-मूर्तियों आदि को फूलों व बुके से सजाया जाएगा। पीएम के स्वागत के मद्देनजर अभूतपूर्व तैयारी की जा रही है। राममय अयोध्या के भव्य तोरणद्वार काफी शानदार होंगे।

रात-दिन एक किए हैं 700-800 से अधिक कारीगर

सैनी के मुताबिक उनकी टीम के 700-800 कारीगर रात दिन एक हुए हैं। कारीगरों ने बताया कि सजावट उनका काम है, लेकिन यह अभूतपूर्व हो, ऐसी मन की आवाज है। पीएम मोदी व सीएम योगी ने अयोध्या को अलग ही पहचान दिला दी। इन दोनों का स्वागत करना हर किसी के मन में है। इस कार्य में मथुरा-वृंदावन के 250, सीतापुर के 250, पश्चिम बंगाल के 150 कारीगर, स्थानीय स्तर पर 75 कारीगर लगे हैं। पीएम के आगमन में महज तीन दिन शेष होने के कारण कार्य काफी तेज गति से किया जा रहा है।

14 जनवरी से भारत न्याय यात्रा पर निकलेंगे राहुल गांधी

नई दिल्ली। भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब राहुल गांधी नए साल में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत न्याय यात्रा पर निकलेंगे। कांग्रेस की 14 जनवरी से भारत न्याय यात्रा में मणिपुर से मुंबई तक छह हजार किमी से अधिक दूरी तय होगी। राहुल गांधी यात्रा 2.0 में अधिक दूरी कम समय में तय करेंगे। 6200 किलोमीटर की यात्रा कई ऐसे राज्यों से होकर गुजरेगी जहां लोकसभा की अधिक सीटें हैं। जिन राज्यों से भारत न्याय यात्रा गुजरेगी वहां से लोकसभा की 355 सीटें आती हैं। लोकसभा चुनाव से पहले इस यात्रा का कांग्रेस के नजरिए से काफी महत्व होगा। हालांकि इस भारत न्याय यात्रा पर इंडिया गठबंधन के साथियों की भी नजर रहेगी। राहुल गांधी इस बार जिन राज्यों से होकर गुजरेंगे उनमें से अधिकांश राज्य ऐसे हैं जहां इंडिया गठबंधन के भीतर सीटों के तालमेल को लेकर सवाल हैं। इसमें बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र प्रमुख रूप से शामिल है। राहुल गांधी की यह यात्रा लोकसभा चुनाव को लेकर अहम मानी जा रही है।

आईओए ने तीन सदस्यीय एडहॉक कमेटी बनाई

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ ने बुधवार को तीन सदस्यीस एडहॉक कमेटी का गठन किया है। कमेटी का चेयरमैन भूपिंदर सिंह बाजवा बने हैं। सदस्य एमएम सौम्या और मंजुशा कुंवर होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित करने के तीन दिन बाद यह निर्णय लिया गया है।



प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री, महाकुंभ और माघ मेला की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

महाकुंभ में दुनिया देखगी भारत का सांस्कृतिक वैभव: योगी

- मुख्यमंत्री बोले- माघ मेला को आगामी महाकुंभ के पूर्वाभ्यास के तौर पर लें
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन तकनीक के इस्तेमाल से भीड़ नियंत्रित कर सुरक्षा व्यवस्था को करें मजबूत

केटी न्यूज/प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बुधवार को संगमनगरी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जनपद में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने उच्च अधिकारियों के साथ संगम तट पर महाकुंभ और माघ मेला की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि 2019 के दिव्य और भव्य कुंभ को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर घोषित किया है। 2025 के महाकुंभ से दुनिया भर की अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। संसार के समक्ष अपने को भारत के नए प्रतीक चिह्न के रूप में प्रस्तुत करने का यह एक स्वर्णिम अवसर है। आगामी कुंभ में दुनिया भारत का सांस्कृतिक वैभव देखगी।

प्रयागराज दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने सर्व प्रथम वीआईपी घाट पर मां गंगा का पूजन किया। उसके बाद वह संगम नोज पहुंचे, जहां उन्होंने मेलाधिकारी के साथ मेले की तैयारी का पूरा जायजा लिया। वहां से मुख्यमंत्री किला घाट पर बने पक्के घाट का निरीक्षण कर किले के अंदर भी तैयारियों को देखा। इसके बाद वह किला घाट, दशाश्वमेघ घाट के निर्माण कार्य एवं अक्षयवट, पातालपुरी व सरस्वती कूप कॉरिडोर आदि के कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

माघ मेला की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसे महाकुंभ के पूर्वाभ्यास के तौर पर लें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक क्षमता, सांस्कृतिक समृद्धि एवं पर्यटन की सुविधाओं को प्रदर्शित करते हुए हम इस बार के महाकुंभ को और दिव्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आयोजन के दौरान स्वच्छता के मानक गढ़ें और इस बात का ध्यान रखें की मेला में प्रतिबंधित पॉलिथीन का प्रयोग ना होने पाए। इसके लिए पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग करते हुए श्रद्धालुओं को जागरुक करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ और माघ मेला के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर-के भीड़ नियंत्रित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि साधु-संतों और कल्पवासियों को समुचित व्यवस्था मिले। साथ ही किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न होने पाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़कों को दुरुस्त करने के साथ बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें।

शिक्षित व्यक्ति ही सही ढंग से राष्ट्र का निर्माण करता है: राज्यपाल

- उद्योगपति सह पूर्व सांसद स्व. महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र की प्रतिमा का अनावरण बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने किया

केटी न्यूज/जहानाबाद

देश के जाने माने उद्योगपति सह पूर्व सांसद रहे स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र की प्रतिमा का अनावरण करने बुधवार को बिहार के गवर्नर राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ओकरी पहुंचे। जहां उन्होंने सर्व प्रथम उद्योगपति सह पूर्व सांसद महेंद्र प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण किया, राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रतिमा के अनावरण के बाद राज्यपाल ने हाई स्कूल के मैदान में सभा को संबोधित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्योगपति भोला शर्मा की ओर से किया गया था।

सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का विकास जरूरी है शिक्षा से समाज बनता है और समाज से देश बनता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आई है इसे सभी लोगों को ग्रहण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज विकसित नहीं होगा तब तक देश एवं राज्य विकास नहीं करेगा। इसलिए आज सभी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से किंग महेंद्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा की अलग जगाने का काम किया है, काफी सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में तो बहुत लोगों को काम करते हुए देखा है, लेकिन जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्र में जितना बढ़िया विद्यालय की स्थापना की गई है जिसमें सभी तरह की सुविधा और शिक्षा दी जा रही है। ऐसे पुनित कार्य के लिए मैं इस महापुरुष को कोटि-कोटि नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि पैसा तो सभी लोग कमाते हैं लेकिन पैसा का उपयोग जो लोग करता है उसका नाम इस दुनिया में अमर रहता है। महेंद्र प्रसाद ने पैसा का सदुपयोग किया है इसलिए ऐसे महापुरुष को हम लोग याद कर रहे हैं।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि उनके कदम पर चलकर समाज को शिक्षित करने का काम करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नई शिक्षा नीति लागू किया है उसे शिक्षा नीति पर चलकर पूरे भारत को शिक्षित किया जा सकता है। जो शिक्षित होता है वही व्यक्ति सही ढंग से राष्ट्र का निर्माण करता है।

एक नजर

स्टार्टअप स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन

औरंगाबाद। गोह स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में बुधवार को स्टार्टअप स्वरोजगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उधोग विभाग के महाप्रबंधक मो अफ्फान ने बिहार सरकार के स्टार्टअप एवं उधमी योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने बताया कि आज स्टार्टप देश की जरूरत है, उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिये स्टार्टअप लीगल के फाउंडर श्री रवि भारद्वाज एवं सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। स्टार्टअप सेल औरंगाबाद के इंचार्च प्रो आनन्द राज ने किया।आइडिया को स्टार्टअप में कैसे कन्वर्ट करें इसके बारे में बताया गया। स्टेट बैंक के महाप्रबंधक अरविंद कुमार एवं पीएनबी के प्रबंधक पुष्पेंद्र ने स्टार्टअप के लिये जरूरी बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी। स्टार्टअप कोऑर्डिनेटर अतुल कुमार ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से बिहार सरकार के स्टार्टअप योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर मुख्य अतिथि राजकीय अभियन्त्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि, उधोग विभाग के महाप्रबंधक मो. अफ्फान जी, स्टेट बैंक के महाप्रबंधक अरविंद कुमार, स्टार्टअप लीगल के संस्थापक रवि भारद्वाज, स्टार्टअप सेल औरंगाबाद के इंचार्च प्रो. आनन्द राज, पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक पुष्पेंद्र औरंगाबाद उधोग विभाग के अधिकारी अरविंद कुमार उपस्थित हुए।

फूड प्वाइजनिंग से 11 लोग हुए बीमार

जहानाबाद। फूड प्वाइजनिंग के कारण 11 लोगों के बीमार होने का एक मामला सामने आया है। सभी को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्तीकराया गया है। घटना घोसी थाना क्षेत्र के सोनवा गांव का है। पंचायत समिति सदस्य सतीश कुमार ने बताया कि नोआवा गांव से मेरे गांव निवासी रामगिरी शर्मा के यहां से खेसारी का साग आया था। इस साग को तीन घरों में लोगों ने बांट कर खाया था। जैसे ही रात्रि को साग खाया जिसमें शिवानी कुमारी उम्र 12, शुभम कुमार उम्र 4 वर्ष, रूबी देवी उम्र 37 वर्ष, स्वीटी कुमारी उम्र 9, मंजू कुमारी उम्र 60 वर्ष, शकुंतला देवी उम्र 75 वर्ष, देवेंद्र कुमार उम्र 50 वर्ष, राम जी सिंह उम्र 70 वर्ष, चांदनी कुमारी उम्र 16 वर्ष, पम्मी कुमारी उम्र 32 वर्ष, सूर्यमणि देवी उम्र 50 वर्ष, फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। इस बात की सूचना गांव वालों को दी गई। गांव वालों ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने तीन की हालत गंभीर बताई है।

नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी गैस एजेंसी रोड से पकड़े गए तीनों

वारदात को अंजाम देने जुटे तीन अपराधी हथियार के साथ धराए

- पूर्व के विवाद में किसी को गोली मारने और लूट पाट के इरादे से जुटे थे सभी अपराध कर्मी
- एक देसी कट्टा, एक गोली, दो बाइक व लूट के तीन सहित पांच मोबाइल बरामद

केटी न्यूज/आरा

नवादा थाने की पुलिस की सक्रियता से मंगलवार की रात एक बड़ी आपराधिक वारदात टल गयी। पुलिस ने किसी को गोली मारने के इरादे से पकड़ी गैस एजेंसी रोड स्थित एक मैदान में पहुंचे तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक गोली, दो बाइक और लूट के तीन सहित पांच मोबाइल बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में नवादा थाना क्षेत्र के महावीर टोला राजेंद्र नगर निवासी मंटू यादव उर्फ सागर कुमार, श्रीटोला नहर निवासी नीतीश कुमार और नगर थाना क्षेत्र के गोला मोहल्ला (जैन स्कूल के पास) निवासी अभय यादव उर्फ नंदू है। इनमें नीतीश कुमार का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सूचना मिली कि किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए कुछ अपराध कर्मी पकड़ी गैस एजेंसी के पास पार्क में जमा हैं।? उनके पास हथियार और गोली भी है। सभी किसी को गोली मारने की फिराक में हैं। उस आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी को एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा तत्काल छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, दो मोबाइल और पांच मोबाइल बरामद किया गया। छानबीन में पता चला कि तीन मोबाइल पूर्व में लूट गये थे। वहीं पूछताछ में तीनों ने बताया कि पूर्व की दुश्मनी में जमा हुए थे। ऐसे में इनकी गिरफ्तारी से बड़ी वारदात टल गयी और एक शख्स की जान बच गयी। एसपी ने बताया कि इनसे पूछताछ में हथियार की सप्लाई करने और खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह का भी लिंक मिला है। एसपी ने बताया कि इनके अन्य साथियों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है। बरामद बाइक की भी जांच की जा रही है। इस मामले को लेकर तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट व आपराधिक षड़यंत्र करने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। टीम में नवादा थानाध्यक्ष के अलावे दारोगा कमलेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

माता-पिता खरीदारी करने गये थे दिल्ली, घर में छात्र की मौत

केटी न्यूज/आरा

टाउन थाना क्षेत्र के नाला मोड मोहल्ले में मंगलवार की रात स्नातक के एक छात्र की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक नाला मोड मोहल्ला निवासी दिलीप सिंह का 22 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार था। वह बीए पार्ट वन का छात्र था। परिजनों ने बताया कि उनके घर में शादी है। उसे लेकर उसके माता-पिता मार्केटिंग करने दिल्ली गये थे। घर में शुभम और उसका छोटा भाई अंश था। इस बीच मंगलवार की रात उसकी तबीयत अचानक काफी बिगड़ गई। उसके बाद उसे आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा देखा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

पुलिस के अनुसार युवक की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां शोभा देवी, बहन चांदनी, मिसी और भाई अंश है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

औरंगाबाद। उत्पाद विभाग की टीम ने ओबरा थाना क्षेत्र के मस्तलिचक गांव में सुबह अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। मौके से शराब निर्माण से जुड़े दो उपकरण, 1830 खाली बोतल, 525 रैपर एवं 258 ढक्कन बरामद किया गया। वहीं पुलिस के आने की भनक मिलते ही शराब धंधेबाज फरार हो गए। छापेमारी टीम का नेतृत्व कर रहे उत्पाद निरीक्षक सतीश बिहारी शरण ने बताया कि सूचना मिली थी कि थाना के उस गांव में देसी शराब निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही दल-बल के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान शराब निर्माण से जुड़े उपकरण एवं अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं।

शराब कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी

औरंगाबाद। दुगल गांव की पहाड़ी इलाके में की गई कार्रवाई में कासमा थाना की पुलिस ने महुआ पास की बड़ी खेप एवं शराब भट्ठी को विनष्ट किया है। थानाध्यक्ष मनेष कुमार ने बताया कि छापेमारी में 450 किलोग्राम महुआ पास एवं एक भट्ठी को विनष्ट किया गया है।

हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, तीन घायल

केटी न्यूज/औरंगाबाद

मंगलवार की देर शाम तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान झारखंड के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के तेंदुआ टोले रामपुर गांव निवासी सरयू राम के 22 वर्षीय पुत्र प्रकाश उर्फ छोटू के रूप में हुई है। इस घटना में उस गांव के सत्येंद्र राम का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, द्वारिका राम का 24 वर्षीय से पुत्र धीरेंद्र कुमार एवं नवीन कुमार घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर कौआखोह बाजार करने गए थे। बाजार से सब्जी की खरीदारी कर चारों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान बाइक सूरज चला रहा था, जैसे ही चारो तेंदुआ गेट के समीप पहुंचे की एक अनियंत्रित हाइवा की चपेट में आने से चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर अपना-तफरी मच गई, स्थानीय लोगों की भीड़ देखकर घर के परिजन भी पहुंच गए। इसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज में भर्ती कराया गया, जहां से प्रकाश, सूरज और धीरेंद्र की स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान प्रकाश की मौत हो गई। वहीं घायल सूरज और धीरेंद्र का उपचार किया गया। घटना के बाद मृतक के परिजन शव का पोस्टमार्टम कराये बिना ही घर लेकर चले गए।

तेजाब लदी टैंकर को ट्रक ने मारी टक्कर, दुर्गंध से हुआ बुरा हाल

केटी न्यूज/औरंगाबाद

चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस ने एक टैंकर चालक को रूकने का इशारा किया तभी पीछे से आ रही एक ट्रक ने अनियंत्रित होकर टैंकर में टक्कर मार दी। जिसमें टैंकर क्षतिग्रस्त हो गया। गौरतलब हैं कि उस टैंकर में तेजाब था। टक्कर से क्षतिग्रस्त होने पर तेजाब आस-पास सड़क पर फैल गया। हालांकि इस दौरान लोग बाल-बाल बचे।

मामला अंबा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे - 139 स्थित एरका चेकपोस्ट का है। जहां अहले सुबह हरिहरगंज की तरफ से आ रहे एक तेजाब भरे टैंकर को आबकारी विभाग की पुलिस ने चेकपोस्ट पर रोका जिसमें यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा टैंकर को रोके जाने पर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिसके कारण पीछे से आ रहे ट्रक की चालक ने संतुलन खो दिया और टैंकर में टक्कर मार दी। इस घटना के बाद सड़क पर लगभग दो घंटे तक आवागमन ठप्प हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची अंबा और कुटुंबा थाना की पुलिस ने जाम हटवाया और आवागमन बहाल करवाया।

इधर तेजाब के रिसाव से उठती दुर्गंध युक्त धुआं से स्थानीय लोगों को सांस लेना मुश्किल हो गया। हालांकि इस दौरान किसी अप्रत्याशित घटना के डर से ग्रामीण बच्चों को लेकर घर से दूर चले गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों द्वारा सड़क को पानी से धोया गया। लेकिन तेजाब का दुर्गंध लोगों के लिए परेशानियों का सबब बना रहा।

आग लगने से चार बकरी सहित लाखों की संपति जलकर राख

औरंगाबाद। उपहरा थाना क्षेत्र के बुधई कला गांव में बुधवार की दोपहर घर में आग लगने से चार बकरी सहित अन्य सामग्री जल कर राख हो गई। इस अगलगी की घटना में लगभग एक लाख से अधिक की सम्पत्ति को नुकसान हुआ है। पीड़ित बुधई कला गांव निवासी विनय पाण्डेय ने बताया कि बुधवार की दोपहर घर में अचानक आग लग गई।आग की लपेटे इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते घर के चारों तरफ आग पकड़ लिया।

वहीं उपहारा थानाक्षेत्र के हमीदनगर गांव के एक खलिहान में मंगलवार की रात हाई वोल्टेज तार टूट कर गिर जाने से आग लग गई। जिससे दो सौ धान के बोझा जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान बंगाली मिस्त्री ने बताया कि आग लगने से दो सौ बोझा धान का जलकर राख हो गया।

अत्याधुनिक सुविधायुक्त होगा खेल भवन

केटी न्यूज/औरंगाबाद

शहर के गांधी मैदान में निमार्णाधीन खेल भवन सह व्यायामशाला का ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा निरीक्षण किया गया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए जिसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग की उचित व्यवस्था, झंडोतोलन की व्यवस्था तथा भवन के अंदर आने हेतु अलग से एक अतिरिक्त गेट बनाने की व्यवस्था करने हेतु कहा गया। संवेदक तथा कनीय अभियंता द्वारा बताया गया कि भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा फर्नीचर, जिम एवं खेल का सामान आ चुका है जिसे इंस्टॉलेशन के पश्चात भवन को यथाशीघ्र हस्तगत कर दिया जाएगा। इस भवन के भूतल पर एक हॉल है जिसमें जिम की सारी व्यवस्थाएं होंगी, प्रथम तल खेल (कबड्डी तथा ताइक्वांडो) के लिए तथा द्वितीय तल पर टेबल टेनिस, एरोबिक्स और योगा के लिए व्यवस्था रहेगी। इसमें एक कांफ्रेंस हॉल की भी व्यवस्था की गई है जिसमें मीटिंग ऑर्गेनाइज की जा सकती है। जिला खेल कार्यालय भी इसी भवन में कार्यान्वित होगा।

विकास योजनाओं की डीएम ने किया निरीक्षण

औरंगाबाद। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बुधवार को देव प्रखंड के ग्राम पंचायत खरकनी में ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने ग्राम धनाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, निमार्णाधीन जीविका भवन, मध्य विद्यालय धनाड़ी एवं पंचायत सरकार भवन सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर कार्यपालक अभियंता सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल उमेश मुखिया, सहायक अभियंता भवन प्रमंडल मो. जिशान कादिर, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन कुमार मौजूद थे।

www.jaipuriaschooldumraon.in

उठा मुद्दा... राशन कार्ड में नाम जोड़ने में कर्मचारी बरत रहे लापरवाही

- अनुमंडल कार्यालय में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित, संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा
- कई अधिकारियों के गायब रहने पर विधायक ने जतायी नाराजगी

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डुमरांव विधायक डॉ अजित कुमार सिंह ने की जबकि इसका संचालन एसडीएम कुमार पंकज ने किया। अनुमंडल की यह पहली अनुश्रवण बैठक रही। बैठक में अनुमंडल के सभी विभागों के पदाधिकारी, चेयरमैन प्रतिनिधि, उप चेयरमैन, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख सहित अन्य सभी उपस्थित रहे। इस दौरान अनुमंडल में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, उसमें आ रही परेशानी, लोगों की परेशानियों का हल निकालने का मुद्दा उठा।

वहीं सभी विभागों के संबंधित पदाधिकारियों ने सरकार द्वारा जन हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने पीएचईडी विभाग को नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में टूटे फूटे जल नल को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने को कहा, जिसपर पीएचईडी विभाग की तरफ से सकारात्मक संदेश मिला। वहीं उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर ने राशन कार्ड का मुद्दा उठाया। उप मुख्य पार्षद ने कहा कि राशन कार्ड में नाम जोड़ने में लापरवाही बरती जा रही है। किसी परिवार में सात लोग हैं, 4 का राशन कार्ड में नाम जुटा हुआ है लेकिन 3 का नाम जोड़ना बाकी है। ऐसे में फॉर्म भरकर लाभुक को छह माह का इंतजार करना पड़ता है। इसमें तेजी लाई जाए, जिसको लेकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विजय कुमार तिवारी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। बैठक में अनुमंडल के कई अधिकारियों के गायब होने पर विधायक ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग को सिंसियरली लिया जाना चाहिए। अधिकारी लोगों की सेवा के लिए हैं। ऐसे में अधिकारियों को अपने कार्यों का ब्योरा देना होगा कि जनहित में कितने कार्य हुए और कितने नही। कई विभागों के उच्चाधिकारियों की गैर मौजूदगी पर विधायक ने कहा कि अगली मीटिंग से यह अस्वीकार्य होगा। मौके पर अंचलाधिकारी अंकिता सिंह ने अंचल के तमाम योजनाओं की जानकारी दी। अंचलाधिकारी ने कहा कि जमाबंदी को आधार से सीडिंग की प्रक्रिया जारी है। अंचल के विभिन्न पंचायतों में कैंप लगाकर जमाबंदी से आधार को जोड़ा जा रहा है, वहीं अभियान रैन बसेरा, भूमि विवाद सहित अन्य कई मामलों के निष्पादन में भी अंचल तेजी से जुटा हुआ है। इसके साथ ही एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने भी अनुमंडल की पुलिसिया व्यवस्था से अनुश्रवण समिति की बैठक में सभी को अवगत कराया।

एक नजर

जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के शिविर में 160 रोगियों के आंखों का हुआ सफल ऑपरेशन

डुमरांव। आंखों की रोशनी के अभाव में पूरी दुनिया अंधकारमय प्रतीत होती है। असहाय गरीबों को आंखों की रोशनी दोबारा मिलने से उनका जीवन रोशन होता है और वे अंतिम क्षण तक दुआएं देते हैं। स्व. जगदीश प्रसाद एवं स्व शिव कुमारी देवी की स्मृति में रोटरी क्लब व जेपी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोटरी जगदीश आई अस्पताल में शिविर लगाकर 200 गरीबों के आंखों की मुफ्त जांच की गयी। इसमें 95 मोतियाबिंद ग्रसित रोगियों के अलावे 65 अन्य रोगियों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन ट्रस्ट के डायरेक्टर सह कार्यक्रम के अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप जायसवाल, बक्सर रोटरी के अध्यक्ष राजेश केशरी, दीपक अग्रवाल, राजेश गोयल, मनोज वर्मा, महेश भौतिका आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि अंधापन निवारण में इस अस्पताल की अहम भूमिका है। असहायों की सेवा ही मानवता का कर्तव्य है। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए संस्था से जुड़े सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि इस बार रोटरी क्लब द्वारा शिविर लगाकर करीब 200 से अधिक गरीबों की नेत्रों की जांच की गयी, जिनका मुफ्त ऑपरेशन किया गया। इस शिविर में गरीबों को मुफ्त भोजन, दवा व अन्य जरूरत के सामानों को उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन शत्रुघ्न प्रसाद गुप्ता उर्फ मोहन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रो दीपक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के डायरेक्टर ने अस्पताल के कर्मचारियों और सेवा भाव से जुड़े सदस्यों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर सुमित कुमार, अजित जायसवाल, रमेश केशरी, अमरीश पाठक, डॉ. ईश्वरी पटेल, डॉ. अजीत, राकेश सोनी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

डुमरांव में गंभीर हो चुकी पेयजल समस्या के समाधान के लिए आगे आए अजय राय

डुमरांव। डुमरांव में पेयजल की समस्या नासूर बनते जा रही है। कई ऐसे जगह है जहां जलापूर्ति का पाइप लाइन फटने से रोजाना असीमित पेयजल बर्बाद होता है तो दूसरी तरफ कुछ ऐसे भी वार्ड है, जहां लोग जल की समस्या से जूझ रहे हैं। नगर के वार्ड नंबर 26 और 18 मे पानी का सुचारु रूप से सप्लाई न होने के कारण लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। वार्ड के लोगो को जल के समस्या से निजात दिलाने के लिए अब जलपुत्र के नाम से चर्चित अजय राय ने आवाज बुलंद की है। उनका कहना है कि उन्हे काफी दिनों से वार्ड के लोगो के द्वारा यह सूचना दिया जा रहा था पाइप तो बिछाया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं आ रहा है। अजय ने यह भी बताया कि इसके अलावे भी नगर के कई अन्य वार्ड के लोग है जो इस तरह की समस्या से जूझ रहे हैं। बुधवार को लोगों ने अजय के साथ इस मुद्दे पर जोरदार प्रदर्शन भी किया। वही अजय ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से इस समस्या का अविलंब समाधान करने की गुहार लगाई है। मौक पर इंदु देवी, शिला देवी, माधुरी देवी, रानी देवी, मोहन जी केशरी, प्रेम कुमार, संजय वर्मा, कृष्णा केशरी, बिहारी लाल पटवा, मंटू वर्मा, ललन खरवार, अजय गुप्ता, बबलू गुप्ता समेत कई अन्य उपस्थित थे।

खबरें फटाफट

कोहरे के कारण टकराई पिकअप व कार, चार जख्मी

केसठ। केसठ मिठाईयां पुल के समीप दो वाहन आप में टकरा कर नहर में जा पलटी। जिसमे चार लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मिठाईयां पुल पर एक पिकअप और कार कोहरे के कारण आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनो वाहन एक दूसरे के विपरीत नहर में जा पलटी। कार में सवार दो लोग और पिकअप में सवार दो लोगो को मामूली चोटे आई है। घटना की सूचना मिलते ही जदयू प्रदेश सचिव राजीव सिंह उर्फ सोनू मौके पर पहुंच ग्रामीणों के मदद से सभी घायलों को सकुशल बाहर निकाले और घंटो कड़ी मस्कत करने के बाद जेसीबी और लोगो के मदद से पलटे वाहनों को बाहर निकाला गया। कार सवार युवक ने बताया की वो बिक्रमगंज की तरफ जा रहा था वही पिकअप चालक ने बताया की वो कोरान सराय मछली देने व्यापारियों को जा रहा था। कोहरे के कारण सामने से आ रही वाहन नहीं दिखी जिसके कारण ये हादसा हुई है। वही ग्रामीणों ने इस घटना को सूचना पुलिस को दिया।

एनएच 922 पर दुर्घटनाग्रस्त कार से शराब बरामद

कृष्णाब्रह्म। बुधवार को अल सुबह कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर कठार खुर्द के पास एक दुर्घटनाग्रस्त कार से पुलिस ने शराब बरामद की है। इसके बाद पुलिस ने उक्त कार को थाने लाई और कार के नंबर के आधार पर तस्कर की पहचान व गिरफ्तारी में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े चार बजे कृष्णाब्रह्म पुलिस को सूचना मिली थी कि एक कार कठार खुद के पास डिवाइडर से टकरा दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंची तो उसे एक सफेद रंग की किवीड कार जिसका नंबर बीआर01सीएस 4313 था डिवाइडर के पास पलटी मिली। लेकिन कार चालक या उसमें सवार लोग गायब थे। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो सीट के नीचे व डिक्की में छिपाकर रखे 39 कॉर्टन तथा सीट पर रखा 15 पीएस एट पीएम ब्रांड 180 एमएल की शराब मिली। जिसके बाद पुलिस ने कार को जब्त कर लिया।

प्राथमिक विद्यालय महरौरा का बुरा हाल, शिक्षा की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

49 वर्ष पूर्व बने जर्जर भवन में पढ़ते हैं छात्र, कभी भी हो सकता है जमींदोज

केटी न्यूज/डुमरांव

सर्व शिक्षा अभियान द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा व्यवस्था को धरातल पर उतारने के लिए विद्यालयों के भवन का चकाचक बनाया गया है। वही अन्य संसाधनों की आपूर्ति भी की गई है। सभी सरकारी विद्यालय चकाचक बन गए है। लेकिन अनुमंडल प्रशासन के नाक तले एक ऐसा भी सरकारी विद्यालय है जहां पढ़ने वाले छात्र और शिक्षक तो है लेकिन भवन का अभाव में सैकड़ो छात्र हर दिन खुले आसमान तले पढ़ने को विवश है तो शिक्षक भी कई मुसीबतों को झेल विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों का भविष्य गढ़ रहे है। हम बात कर रहे हैं प्राथमिक विद्यालय महरौरा की। जहां हर दिन जान हथेली पर रख छात्र-छात्राएं व शिक्षक हर दिन अपना कर्तव्य निभा रहे हैं। जबकि इस विद्यालय में कुल 274 छात्र नामांकित हैं तथा प्रधानाध्यापक समेत कुल सात शिक्षक भी कार्यरत है। जबकि विद्यालय भवन का निर्माण 49 वर्ष पहले वर्ष 1974 में हुआ था। इसके भवन काफी जर्जर हो गए हैं तथा कभी भी जमींदोज हो सकते हैं।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

विद्यालय में भवन, शौचालय व पेयजल का अभाव है। पुराने भवन के कमरे जर्जर हो गए हैं। विभाग को इसकी सूचना दी गई है।
– विनोद कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक, प्राथमिक विद्यालय महरौरा

पांच साल से अधूरा पड़ा विद्यालय भवन और खुले आसमान तले बच्चों की पढ़ाई का मामला गंभीर है। इसकी जांच करा आगे की कार्रवाई की जाएगी।
–अनिल कुमार द्विवेदी, डीईओ

पांच वर्ष में नहीं मिली दूसरी किश्त, अधूरा है निर्माण

बता दें कि पांच वर्ष पूर्व में मीडिया में इस स्कूल की बदहाली की खबर छपने के बाद रातों रात शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए थे तथा तीन कमरों के निर्माण के लिए पहली किश्त में कुल 9.5 लाख रूपए दिए गए। इन रूपयों से तीन कमरों का निर्माण कराया गया है। लेकिन दूसरी किश्त के अभाव में न तो इन कमरों के फर्स का पक्कीकरण हो पा रहा है और न ही दरवाजे व खिड़कियां लग पा रहा है। जिस कारण यहां नामांकित बच्चों को इस भीषण सर्दी के मौसम में भी खुले आसमान तले पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

मौसम की मार से बाधित होती है पढ़ाई

शिक्षकों, छात्रों तथा अभिभावकों की मानें तो जब भी मौसम खराब होता है। खासकर बारिश होती है या फिर प्रचंड लू या शीतलहर के दौरान इस विद्यालय में पढ़ाई बाधित होती है। बारिश होने पर तो चारों तरफ कीचड़ हो जाता है। इस दौरान छात्रों के बैठने व एमडीएम खाने तक की जगह नहीं बचती है। जबकि शीतलहर व लू के थपेड़ो का सामना भी करना पड़ता है। वही शिक्षकों की मानें तो शौचालय व पेयजल की समस्या भी गंभीर है।

अतिक्रमण का शिकार है विद्यालय परिसर

भवन विहीन होने के साथ ही महरौरा का प्राथमिक विद्यालय अतिक्रमण का शिकार भी है। बता दें कि विद्यालय का प्राचीन भवन महरौरा शिव मंदिर व तालाब के पूर्वी छोर पर स्थित है जबकि अर्द्धनिर्मित भवन मंदिर के पश्चिम बना है। दोनों जगहों पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा खलिहान बना लिया गया है। जिस कारण पूरे दिन पुआल व धूल गर्दा का सामना भी शिक्षकों व छात्रों को करना पड़ता है। दिलचस्प तो ये है कि शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक के निर्देश पर हर दिन स्कूलों की जांच हो रही है। लेकिन इस विद्यालय का निरीक्षण करने आने वाले वरीय पदाधिकारी इस अतिक्रमण को देख मौन साध लेते हैं। जैसे बच्चों व शिक्षकों की सेहत का कोई फिक्र ही किसी को न हो।

राशि निर्गत होने के बावजूद निर्माण पूरा होने पर संशय: बता दें कि पांच साल पहले इस विद्यालय के नये भवन के निर्माण के लिए 19 लाख रूपए का प्राक्कलन तैयार हुआ था। पहली किश्त में 9.5 लाख रूपए भी आ गए। लेकिन अब शेष राशि यदि आ भी जाती है तो यहां निर्माण पूरा करना आसान नहीं होगा। बता दें कि इन पांच वर्षों में निर्माण सामग्री के मूल्य भी दुगना से अधिक हो गए है। जिस कारण इस विद्यालय के कायाकल्प पर अभी संशय बना हुआ है।

सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खानेवाली पत्नी ने पति की कर दी हत्या

- कोरानसराय के लहना गांव में हुई हृदय विदारक घटना
- हत्यारिन पत्नी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

केटी न्यूज/डुमरांव

दुनिया में शादी के बंधन से पवित्र कोई बंधन नहीं होता है। सात फेरों में सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें खाई जाती है। लेकिन सात महीना पहले ही सात फेरे लेने वाली एक कलियुगी पत्नी ने अपने पति की गला घोंट हत्या कर दी है। यह हृदय विदारक घटना बुधवार को अपराह्न कोरानसराय थाना क्षेत्र के लहना गांव में घटित हुई है।

हालांकि ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति की हत्या कर भाग रही हत्यारिन को गांव के बधार में दौड़ाकर पकड़ लिया। वही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार लहना निवासी रास बिहार साह के 22 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार की शादी इसी वर्ष मार्च महीने में इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक गांव की सोनी कुमारी नामक युवती से हुई थी। शादी के बाद ससुराल आते ही सोनी अपने सास ससुर से झगड़ने लगी थी। पहले तो पंचायती हुई लेकिन जब बात नहीं बनी तो बेटे बहू की खुशी के लिए रास बिहारी व उसकी पत्नी बेटे से अलग हो गए।

बुधवार को अपराह्न राजेश कहीं से घर आया तथा सीधे अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद ही उसके कराहने की आवाज सुन जब उसके मां बाप कमरे में झांके तो अंदर का नजारा देख दंग रह गए। राजेश की पत्नी उसके छाती पर बैठ दोनों हाथों से उसका गला घोंट रही थी, जिससे राजेश का दम घूंट रहा था। पहले तो दोनों उसे बचाने का प्रयास किए। लेकिन जब इनके प्रयास से उनका बेटा अपनी पत्नी के शिकंजे से नहीं छूटा तो दोनों बाहर निकल शोरगुल मचाने लगे। आवाज सुन जब पड़ोसी उसके घर आए तो किसी तरह राजेश को उसके चंगुल से बचा आनन फानन में अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन थोड़ी दूर जाते ही उसने प्राण त्याग दिए। वही घटना को अंजाम दे सोनी गांव से बाहर भागने लगी। संयोग से किसी ने इसकी सूचना कोरानसराय पुलिस को दे दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने उसके भागने की दिशा पुलिस को बताई। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया।

आइपीएस आनंद मिश्र ने रिटायरमेंट के लिए दिया आवेदन, चुनाव लड़ने की है चर्चा

बक्सर। असम-मेघालय कैडर के 2011 आरआर बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी तथा मूल रूप से भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के पड़सौरा के रहने वाले आनंद मिश्र ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने खरमास खत्म होते ही 16 जनवरी 2024 के प्रभाव से अपना त्यागपत्र मंजूर करने के लिए असम सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र असम सरकार के मुख्य सचिव को दिया है। वह फिलहाल असम के लखीमपुर जिले में बतौर एसपी तैनात हैं। बता दें कि पिछले एक साल से उनके बक्सर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच वे लगातार बक्सर जिले में अपनी सक्रियता दिखा इस संभावना को बल दे चुके हैं।

वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में फसल अवशेष कार्यशाला को डीएम ने किया संबोधित

पराली जलाने वाले किसानों का रद्द हो रहा निबंधन: डीएम

केटी न्यूज/डुमरांव

पराली जलाने वाले किसानों का निबंधन रद्द किया जा रहा है। उन्हें किसी तरह का लाभ नहीं दिया जाएगा। उक्त बातें बुधवार को बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज परिसर में कही। वे कॉलेज द्वारा आयोजित फसल अवशेष प्रबंधन कार्यशाला में भाग लेने आए थे। जिसमें जिलें एवं जिलें से बाहर के किसानों को फसल पराली प्रबंधन के संबंध में विभाग के द्वारा निर्गत दिशा निदेर्शों से अवगत कराया गया तथा पराली जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। डीएम ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। उन्हें भविष्य में किसी भी योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। वही कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग पर बल दिया। कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि वैज्ञानिक खेती को अपना किसान फसल अवशेष को कमाई का जरिया तथा अगली खेती के लिए जैविक उर्वरक बना सकते है। मौके पर मौजूद किसानों को पराली नहीं जलाने का संकल्प भी दिलवाया गया। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डा. रियाज अहमद, धनंजय त्रिपाठी समेत कॉलेज के कई अन्य कृषि वैज्ञानिक व किसान उपस्थित थे।

प्रताप सागर में की नल जल योजना की जांच

कृषि कॉलेज से लौटने के दौरान डीएम ने प्रतापसागर में नल जल योजना की जांच भी किए एवं संबंधित पदाधिकारी को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए नल जल की टंकी का रंग रोगन कराने का निर्देश दिया। डीएम ने टंकी के पास पर्याप्त सफाई रखने को कहा। इसके बाद वे उच्च विद्यालय चिलहरी का निरीक्षण किये। इस दौरान डीएम ने स्कूल परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई कराने का निदेश प्रधानाध्यापक को दिया। वही उन्होंने शिक्षकों को समय से विद्यालय आने तथा निर्धारित समय के बाद ही स्कूल बंद करने को कहा। डीएम ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कांग्रेस का जातिगत जनगणना कराओ, आरक्षण बढ़ाओ की मुहिम के साथ महासम्मेलन

केटी न्यूज/गाजीपुर

♦ समान रूप से सामाजिक न्याय के अंतर्गत मिले आरक्षण

कांग्रेस पार्टी द्वारा 26 दिसंबर को गाजीपुर के लंका मैदान में विशाल पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में जातिगत जनगणना और आरक्षण बढ़ाओ अभियान का नारा बुलंद किया गया। इसके जरिये पिछड़ी जातियों को कांग्रेस की नीतियों से जोड़कर गोलबंद करने का मंत्र मंच से मुख्य वक्ताओं ने जनता से साझा किया। कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से कुर्मी, पाल, यादव, निषाद, नोनिया, मौर्या, नाई, कुम्हार, लोधी, कहार, लोहार, बढ़ई, चौरसिया, राजभर, बंजारा, कसेरा सहित पिछड़े एवं अति पिछड़े, दलित, किसान, महिला और अल्पसंख्यक समाज पर फोकस गया और इन्हें समान रूप से सामाजिक न्याय के अंतर्गत आरक्षण मिले, इसलिए देश में जातिगत जनगणना की बात उठाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि इसके तहत पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा प्रदेश स्तरीय, मंडल स्तरीय सम्मेलनों के सफल आयोजनों के बाद जनपद और ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन हो रहा है, जो आज जिला मुख्यालय के सदर ब्लॉक पर आयोजित है। इन सम्मेलनों के माध्यम से कांग्रेस पार्टी

के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी, जननेता और लोकप्रिय सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जी द्वारा देश भर में सामाजिक असमानता, भागीदारी की कमी और भेदभाव सहित हर समस्या के समाधान वाले मुद्दे जातिगत जनगणना की मुहिम को गांव गांव तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इस सम्मेलन का नारा है जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैप्टेन अजय सिंह यादव ने जातिगत जनगणना द्वारा सभी वर्गों की सही आबादी और देश के सभी संस्थानों संसाधनों में सभी वर्गों के हक हिस्सेदारी अभियान को सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन, आंदोलन का सबसे बड़ा अभियान बताया है। अपने सम्बोधन में गाजीपुर जिला अध्यक्ष सुनील राम और शहर अध्यक्ष ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस की जन नीतियों को घर घर पहुंचाने का संकल्प दोहराया। पूर्व प्रदेश सचिव जनक कुशवाहा ने अपने भाषण में जोरदार तरीके से पिछड़े दलित आदिवासी और अल्पसंख्यक की भागीदारी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और जननेता राहुल गांधी के मुहिम जिसकी जितनी आबादी, उतना उसका हक की बात दोहराते हुए पार्टी की प्रतिबद्धता को रखा, वहीं डा. संगीता राजभर ने जातिगत जनगणना की वकालत करते हुए, मोदी-योगी सरकार पर आरोप लगाया कि आरएसएस मानसिकता वाली बीजेपी सरकार उद्योगपतियों से चंदा लेकर उद्योगपतियों का कर्जा माफ कर रही, सरकारी संपत्ति बेंच रही है ।

एक नजर

177 केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

बलिया। सिविल लाइन स्थित कार्यालय में जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह ने बुधवार की दोपहर बताया कि इस बार यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा जिले के कुल 177 केंद्रों पर होगी। बताया कि पहले 186 विद्यालयों को केंद्र बनाया गया था, लेकिन मूलभूत सुविधाओं व जरूरी संसाधनों की कमी के कारण जांच के बाद नौ विद्यालयों को सूची से बाहर कर दिया गया है। परीक्षा 22 फरवरी 2024 से प्रारंभ होने वाली है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जिलाधिकारी की ओर से गठित जनपदस्तरीय केंद्र निर्धारण समिति द्वारा आपत्तियों के निस्तारण के बाद अनुमोदित किए गए परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

ड्यूटी से गायब तीन महिला सफाईकर्मी सस्पेंड

बलिया। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण कुमार सिंह ने बहादुरपुर में सस्पेंड तीन महिला सफाई कर्मियों की जांच एडीओ को सौंपी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हनुमानगंज ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी बहादुरपुर गांव में बीते दिनों निरीक्षण करने गए थे। इस दौरान सफाईकर्मी कमलावती देवी, शैल कुमार देवी व प्रभावती देवी बिना अवकाश लिए गायब मिली थी। सहायक विकास अधिकारी ने इसकी रिपोर्ट जिला पंचायत राज अधिकारी को दी। जिसे गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने तीनों को सस्पेंड कर दुबहड़ ब्लाक से संबद्ध कर दिया तथा प्रकरण की जांच दुबहर एडीओ को सौंपी है।

मधुबन में रोजगार मेले का आयोजन 30 को

मऊ। जिला सेवायोजन अधिकारी एमआर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, रा०औ०प्र० संस्थान, एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से दिनांक 30 दिसम्बर 2023 को रोजगार मेले का आयोजन दिशा आईटीआई मधुबन मऊ, के परिसर में किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की गोल्ड माइन्स इण्डिया ग्रुप प्रा०लि०, महामाया विकास गार्मेन्ट प्रा०लि०, एसिन ऑटोमोटिव हरयाणा प्रा०लि०, प्रनव विकास इण्डिया प्रा०लि०, टीमलीज सर्विसेज, दुस्की सलूशन प्रा०लि०, तथा विदेश में हेल्पर, क्लिनर, सिक्यॉरिटी गार्ड, ए०सी० टेक्निशियन इलेक्ट्रीशियन, आटोमोटीव आदि पदों पर ठरउ्ढ (नेश्नल स्किल डेवेलपमेन्ट कार्पोरेशन) द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 30 दिन की निःशुल्क प्रशिक्षण राजकीय आईटीआई करौंदी वाराणसी में दिया जायेगा।

अक्षत कलश के स्वागत में निकला भव्य जुलूस

मऊ । जय श्री राम का गगनभेदी उद्घोष, हाथों में लहराता भगवा ध्वज, दोनों हाथ उठाकर मंदिर निर्माण की खुशी में जयकारे लगाते युवाओं का समूह, सिर पर अक्षत कलश लिए भक्ति गीत गाती महिलाओं की टोली इस अद्भुत अकल्पनीय दृश्य को देखकर सभी भक्ति भाव में विभोर थे। जब कुंज बन कुटी बुढ़वा बाबा मंदिर से अयोध्या नगरी से आया अक्षत कलश जुलूस की शक्ल में चला तो हर कोई इसके स्वागत के लिए खड़ा था, सड़क के किनारे खड़े लोगों ने इस जुलूस का अभूतपूर्व स्वागत किया, सभी जय श्री राम का उद्घोष कर जुलूस में चल रहे लोगों का उत्साह वर्धन कर रहे थे। अक्षत कलश लेकर कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे, और पूजन अर्चन के साथ वितरण होगा, इस कार्यक्रम से संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति रस की अविरल सरिता प्रवाहित होती रही।

नाली पर अतिक्रमण को लेकर हुआ प्रदर्शन

गाजीपुर। भुड़कुड़ा कोतवाली अंतर्गत ग्राम सभा ऐमावंशी गांव महावीर चक्र विजेता शहीद रामउग्रह पांडेय के नाम से विख्यात हैं फिर भी नाली को लेकर लोग झेल रहे हैं। आने-जाने वाले राहगीरों को कठिनाई के सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या के समाधान के लिए 24 दिसंबर को हल्का लेखपाल द्वारा और कानूनगो अन्य सम्मानित व्यक्तियों के समक्ष पूर्ण सीमांकन कर नाली को चिन्हित किया गया है। फिर भी विपक्षीगण नाजायज कब्जा जमाए हैं तथा प्रधान द्वारा जनहित के काम में अवरोध पैदा कर रहे हैं। आज प्रधान चंदन सिंह सहित ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। साथ ही बाहर लोगों ने प्रदर्शन कर समस्या दूर करने की मांग की। इस मौके पर प्रधान चंदन सिंह शांति देवी, चमेली, प्रेमशिला, शील, चंदा विश्वकर्मा, आशा देवी, गीत देवी, सुनीता विश्वकर्मा, सागर गोंड, रमेश मौर्य, कैलाश पटेल, प्रभुनाथ पटेल, जावेद अली, सोहन, सुदर्शन, राम जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बीडीओ ने अस्थाई गो आश्रय का किया निरीक्षण

गाजीपुर। नवागत बीडीओ कौस्तूभ पाठक ने ब्लाक अंतर्गत सुहवल स्थित अस्थाई गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने मातहतो को निर्देश किया कि जानवरों को ठंठ से बचाने के लिए उपाए कर लिए जाए,इसमें किसी तरह की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कहा कि जानवरों को चारे आदि को लेकर लापरवाही न बरती जाए। कहा कि शासन की विभिन्न परियोजनाओं को समय से पूरा किया जाए। इसके अलावा नवागत बीडीओ ने मातहतों संग चलाए जा रहे विभिन्न तरह की योजनाओं की समीक्षा की,इस दौरान उन्होंने संचालित योजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सचिव शशि प्रकाश राय,गौतम यादव,सचिव विनीत राय, शीश अहमद,शशिकांत यादव आदि मौजूद रहे।

कुश्ती संघ अध्यक्ष संजय सिंह पहुंचे पैतृक गांव

चंदौली। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह बुधवार को अपने पैतृक गांव झांसी पहुंचे, जहां जिले में प्रथम आगमन पर उनके समर्थकों ने भारी उत्साह देखने को मिला। गांव पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया हुआ। इस दौरान निलंबन कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें कोई निलंबित नहीं कर सकता। फेडरेशन का यह चुनाव पूरी तरीके लोकतांत्रिक तरीके से हुआ है जिसमें फेडरेशन से जुड़े 50 मतों में 47 वोट पड़े जिसमें 40 मत हमें और 7 मत विपक्ष के प्रत्याशी को पड़े, जिसके आधार पर बड़े अंतर से निर्वाचित होकर आया हूं। ऐसे में हमें कोई निलम्बित नहीं कर सकता। मैं आज भी हऋक अध्यक्ष हूं। उन्होंने कहा कि खेल मंत्रालय ने मेरी कार्रवाई को निलंबित किया है फेडरेशन को नहीं। सरकार से मिलकर अपना पक्ष रखूंगा।

खबरें फटाफट

जरूरतमंदों के बीच वितरित हुआ कंबल

गाजीपुर। सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिकेत चौहान ने अपनी दादी मां स्वर्गीय महारजिया देवी की चौथी पुण्यतिथि पर वृद्धा, असहाय, दिव्यांग लोगों को भीषण ठंड को देखते हुए गरीबों को 200 नि:शुल्क कंबल वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिला। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक मिश्रा थानाध्यक्ष दुल्लहपुर ने कहा कि गरीबों की सेवा करना नर- सेवा नारायण सेवा के बराबर रहता है। जिससे कड़ाके की ठंड में गरीबों को कंबल दिया गया।

पहलवान की याद में दंगल का आयोजन

मऊ । कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा सहरोज मे स्व० गिरजा शंकर यादव के 4 वी पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न जनपदो से आए पहलवानों ने अपनी जोर आजमाइस का प्रदर्शन किया। दंगल का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सुधाकर सिंह ने किया। इस दंगल प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक राजेंद्र प्रसाद मौजूद थे। प्रतियोगिता के दौरान क्षेत्रीय विधायक और क्षेत्रीय सांसद प्रतिनिधि ने अखाडा निर्माण और मूर्ति निर्माण के लिए पांच पांच लाख देने की घोषणा किया ।

समूह को राज्यपाल ने किया सम्मानित

चन्दौली। धानापुर विकास खंड में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। राज्यपाल आनंदी बेन ने चंदौली जनपद के धानापुर विकास खंड के नौरंगाबाद की आरती स्वयं सहायता समूह की प्रमुख नूर सबा बेगम को जरी जदोर्जी व देवी स्वयं सहायता समूह सिसौड़ा कला की समूह की प्रमुख गायत्री देवी को सेनेटरी नेपकिन पैड के उत्पादन एवं वितरण कर अच्छी आमदनी करने पर सम्मानित किया गया। राज्यपाल द्वारा सम्मानित किए जाने अपूर्व सिंह, सन्त लाल राही,अरविन्द यादव,शशिकांत, समीना बेगम, ममता देवी, कालिंदी देवी, ग्राम प्रधान अरशद अली अंसारी सहित ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में गस्त बढ़ाने का निर्देश

मऊ। जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नगर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत जो उद्यमी अपनी पूंजी लगाकर रोजगार करना चाह रहा है उसका पूरा सहयोग करने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टिगत औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाने की मांग की गई। जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस गस्त बढ़ाने को कहा। ताकि अपराधियों को कड़ी नजर रहे।

नेशनल हाईवे के समीन पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मार दी टक्कर

बेटी के लिए रिश्ता देखकर लौट रहे पिता-पुत्र की सड़क हादसे में मौत

♦ बेटी के लिए रिश्ता देखने गए थे पिता-पुत्र सिंघीताली के समीप हुआ दर्दनाक हादसा

केटी न्यूज/चंदौली

अलीनगर थाना क्षेत्र के सिंघीताली गांव के समीप नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन से एक बाइक सवार को टक्कर मार दिया। घटना में पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घटना शवों को कब्जे में पर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। और आगे की कार्यवाही में जुट गई।

बताते हैं कि सदर कोतवाली क्षेत्र के विसुंधरी गांव निवासी दुखीराम 45 वर्ष अपने बड़े पुत्र भानु प्रताप 24 वर्ष के साथ रामनगर रिश्तेदारी में गए थे। देर शाम बाइक से ही पिता पुत्र अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही सिंघीताली गांव के पास नेशनल पर पहुंची ही थी। पीछे से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक को टक्कर मार दी घटना में पिता पुत्र की मौत हो गई। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों



ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंचे एसआई मुकेश तिवारी ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस बाबत एसआई मुकेश तिवारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की चपेट में से पिता पुत्र की मौत हो गयी थी शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इसकी सूचना परिजनों को दे दी गयी है।

बेटी के लिए रिश्ता देखने गए थे पिता-पुत्रः पुलिस की मानें तो पिता अपने बेटे के साथ रिश्ता देखने रामनगर गए थे। देर रात वापस लौटते दौरान सिंघीताली के समीप दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह जब घटना की जानकारी परिजनों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। भारी संख्या में परिजन व ग्रामीण पोस्टमार्टम हाउस पहुच गए। पिता पुत्र की मौत से पूरे बिसुन्दरी गांव में मातम छा गया। वही मृतक के ढांढस बधाने के लिए दिन भर रिश्तेदारों के साथ ग्रामीणों का तांता लगा रहा। आप पास के लोग रोते बिलखते परिजनों को समझने में जुटे रहे। लेकिन परिजन पिता पुत्र की मौत से रो-रो कर बेसुद हो जा रहे थे। वहीं आसपास के लोगों की आंखें भी नम हो जा रही थी।

पौरा गांव के समीप तालाब किनारे पैर फिसलने से युवक डूबा, मौत

चंदौली। कोतवाली क्षेत्र के पौरा गांव में बुधवार की सुबह पैर फिसलने से 20 वर्षीय मजदूर रमाकांत की तालाब में डूबकर मौत हो गयी। युवक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। तालाब पर भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए। वही सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शवगृह भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार पौरा गांव के मुसाफिर राम के तीन पुत्र शशिकांत, रमाकांत उर्फ अंतिम, और बादल है और दो पुत्रियां हैं। मजदूरी करके पिता बच्चों का देखभाल करते हैं। रमाकांत सुबह घर से पांच बजे शौच के लिये बाहर निकला हुआ था। गांव में तालाब के किनारे कोहरे की धुंध के कारण मिट्टी गीली होने से पैर फिसल गया। जिससे तालाब में सिर के बल पोखरे में डूब गया। करीब डेढ़ दो घंटा बाद बकरी चराने वाली महिलाओं ने तालाब में युवक का पैर दिखायी देने पर शोरगुल मचाया। महिलाओं को पहले लगा कि कोई व्यक्ति सुबह-सुबह स्नान कर रहा है। परंतु कुछ देर तक किसी प्रकार की हलचल नहीं होने पर लगा कि यहां कोई दुर्घटना हो गई है। इसके बाद महिलाओं ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। हल्ला सुनकर आसपास के लोग इक्ट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार हेतू नजदीक के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। घटना के बाद पिता मुसाफिर और भाई व बहनों माता लक्ष्मीना का रोते-रोते बुरा हाल रहा। इस बाबत कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार से मुआवजा के तौर पर मिलने वाली राशि के लिए आगे की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। ताकि पीड़ित परिजन को सरकार की ओर से सहायता राशि मिल सके।

भागने की फिराक में चार गैंगस्टर के आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

केटी न्यूज/ मऊ

पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय मऊ के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने तथा प्रार्थना पत्रों की जांच को लेकर मोहम्मदाबाद गोहना पुलिस कोतवाली क्षेत्र के वांछित आरोपियों की तलाश में जगह- जगह दबिश डाल रही हैं। मुहम्मदाबाद गोहना पुलिस बुधवार को गश्त पर थी, इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि कुछ अपराधी कोतवाली क्षेत्र के भैंसहा मोड की तरफ खड़े हैं, और कहीं भागने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को धर-दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम दिनेश यादव, जयराम यादव, सत्येंद्र यादव, व उद्धरेज बताया। आरोपियों ने यह भी बताया कि हम लोगों को जानकारी मिली थी कि हम लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज हो गया है । जिसको लेकर हम लोग भागने की फिराक में थे। परंतु पुलिस ने पकड़ लिया।

न हुई ईओ पर कार्रवाई, न हुआ कंबल घोटाले का निस्तारण, सभी ने साध ली चुप्पी

♦ चितबड़ागांव में ठंड से परेशान हैं गरीब परिवार के लोग

केटी न्यूज/चितबड़ागांव

एक तरफ गुरबत में जीने वाले लोग ठंड से ठिठुर रहे हैं। दूसरी तरफ इन्हीं लोगों में बांटने के लिए खरीदे गए 28 लाख रूपए का कंबल नगर पंचायत के गोदाम में धूल फांक रहा है। इन कंबलों के बारे में कोई भी सक्षम अधिकारी कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं। कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा जनता की गाढ़ी कमाई से खरीदे 28 लाख रूपए का कंबल यूं ही बर्बाद हो जाएगा। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पिछले वर्ष गरीबों में बांटने के लिए नगर पंचायत चितबड़ागांव के ईओ बकायदा टेंडर निकालकर 32 लाख रूपए की कंबलो की खरीददारी की। तभी से लेकर आज तक इन कंबलों को गरीबों के शरीर पर ओढ़ाना नगर

पंचायत के जिम्मेदार मुनासिब नहीं समझे। विस्तार से बात करें तो कंबलों की खरीदारी में ईओ अनिल कुमार द्वारा झोल किया गया है। इसलिए तमाम चीजें जांच के दायरे में हैं। ऐसे में शेष बचे जिम्मेदार चाह कर भी कंबलों का वितरण नहीं कर पा रहे हैं। ईओ अनिल कुमार के उपर भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध हो चुका हैं। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बीते 20 नवंबर को ईओ के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शासन को पत्र भी लिख चुके हैं। इतना ही नहीं सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने भी ईओ के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शासन को पत्र लिख चुके हैं। अभी तक कार्रवाई न होना इस बात को तस्दीक करता है कि ईओ, सांसद और डीएम के उपर भारी पड़ रहे हैं।

उसिया मिनी स्टेडियम में नौ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

चित्रकोनी की टीम ने ट्राईब्रेकर में 3-1 से रमवल को हराया

केटी न्यूज/गाजीपुर

नौ दिवसीय जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो मैच खेला गया। पहला मैच में रोमांचक मुकाबले के दौरान चित्रकोनी की टीम ने ट्राईब्रेकर में 3-1 से रमवल को हराकर अगले मैच में अपना स्थान बनाया। वहीं दूसरे मैच उसिया बनाम जबुरना के बीच खेला गया। जिसमें उसिया की टीम ने ट्राई ब्रेकर में जबुरना की टीम को 5-4 से हराया। सेवराई तहसील के उसिया मिनी स्टेडियम में जहांगरिया स्पोर्टिंग क्लब उसिया के बैनर तले

नौ दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दो मैच खेला गया। जिसमें पहला मैच के मुकाबले में रमवल की टीम का मुकाबला चित्रकोनी टीम के बीच हुआ। मैच शुरू होने के कुछ क्षण बाद रमवल ने चित्रकोनी में एक गोल दागकर अपनी बढ़त बनाई, दूसरी हाफ में चित्रकोनी दबाव बनाते हुए रमवल में एक गोल दागकर बराबरी पर हो गई, रोमांचक मुकाबले के दौरान ट्राईवेकर में चित्रकोनी की टीम ने रमवल को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच उसिया और जबुरना के बीच खेला गया। मैच के रोमांचक मुकाबले के दौरान 20 मिनट बाद उसिया के खिलाड़ी मोहम्मद ईरफान खां ने जबुरना में एक गोल दाग कर अपनी टीम को एक गोल से बढ़त दिलाई। दूसरी हाफ में मैच के 54वें मिनट पर जबुरना के खिलाड़ी अन्य खिलाड़ियों को छकाते हुए उसिया में एक गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर बढ़त दिलाई। दोनों टीमों ने काफी मेहनत की, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। अंत में निर्णायक मंडल के द्वारा ट्राईवेकर का फैसला लिया गया। जिसमें उसिया की टीम ने छह गोल दागे और जबुरना की टीम महज पांच गोल ही कर सकी। निर्णायक मंडल के द्वारा उसिया टीम को 6-5 से विजेता घोषित किया गया। रेफरी की भूमिका अयूब शाह व राहुल रहे। मैच के आयोजक उसिया ग्राम प्रधान शम्स तबरेज खान उर्फ पिंटू ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।